भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 509
गुरुवार, 25 जुलाई, 2024/3 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

कार्यशील हवाई अड्डे

509. श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2014 के पश्चात् राज्य-वार कितने विमानपत्तन चालू हुए हैं;

(ख) क्या यह सच है कि देश में कुछ हवाई पट्टियां अभी भी अप्रयुक्त हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार भविष्य में इन हवाई पट्टियों का वाणिज्यिक प्रचालन हेतु उपयोग करने का विचार रखती है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) : वर्ष 2014 से अब तक देश में 83 हवाई अड्डे (हेलीपोर्ट और वाटर एयरोड्रोम सहित) चालू हो चुके हैं। इन हवाईअड्डों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार सूची संलग्न है।

(ख) से (घ) : जी हाँ, कुछ हवाईपट्टियां अप्रयुक्त हैं। नागर विमानन मंत्रालय ने क्षेत्रीय हवाई संपर्क को प्रोत्साहित करने और हवाई यात्रा को आम जनता के लिए किफायती बनाने के लिए क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस)- 'उड़ान' (उड़े देश का आम नागरिक) शुरू की है। योजना के प्रावधानों के अनुसार, राज्य सरकारों के परामर्श से तैयार देश में असेवित और अल्पसेवित हवाईपट्टियों/हवाईअड्डों की सूची को आरसीएस 'उड़ान' योजना दस्तावेज में प्रकाशित किया जाता है, जो आरसीएस मार्गों को अवॉर्ड करने के लिए बोली प्रक्रिया का एक अभिन्न अंग है। उड़ान एक माँग आधारित योजना है। विशेष मार्गों पर माँग के अपने आंकलन के आधार पर, इच्छुक एयरलाइनें 'उड़ान' के तहत बोली प्रक्रिया के समय अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करती हैं। 'असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों का पुनरुद्धार' योजना के तहत नो-फ्रिल्स हवाईअड्डे के रूप में उस हवाईअड्डे को विकसित किया जाता है जो 'उड़ान' योजना के तहत अवॉर्ड किये गए मार्गों में शामिल है और जिसे 'उड़ान' परिचालनों को शुरू करने के लिए उन्नयन/विकास की आवश्यकता है। योजना के तहत बोली प्रक्रिया के पाँच दौर पूरे होने पर, 13 हेलीपोर्ट और 02 वाटर एयरोड्रोम सहित सहित 85 असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों को जोड़ने वाले 579 मार्गों को चालू कर दिया गया है।

लोक सभा के दिनांक 25.07.2024 के लिखित प्रश्न संख्या 509 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

वर्ष 2014 से कार्यशील हवाईअड्डों (हेलीपोर्ट और वाटर एयरोड्रोमों सहित) की सूची

क्रम सं.	राज्य / संघ राज्य क्षेत्र	कार्यशील हवाईअड्डों की संख्या
1	आंध्र प्रदेश	2
2	अरुणाचल प्रदेश	4
3	असम	3
4	बिहार	1
5	छत्तीसगढ	2
6	दिल्ली (यूटी)	1
7	गोवा	1
8	गुजरात	5
9	हरियाणा	1
10	हिमाचल प्रदेश	3
11	झारखंड	2
12	कर्नाटक	5
13	केरल	1
14	महाराष्ट्र	10
15	मणिपुर	2
16	ओडिशा	4
17	पुडुचेरी (यूटी)	1
18	पंजाब	3
19	राजस्थान	4
20	सिक्किम	1
21	तमिलनाडु	1
22	तेलंगाना	1
23	उत्तर प्रदेश	11
24	उत्तराखंड	11
25	पश्चिम बंगाल	3
26	कुल योग	83

*****